हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार, 12 मई 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]


तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री


10 तपती गर्मी में कोलकाता से पहुंची लीची...





10 भगवान परशुराम की जयंती पर निकाली...




## खबर संक्षेप

### श्रीश्री रविशंकर का जन्मोत्सव 13 को

**जगदलपुर।** दि आॅर्ट आॅफ लिव्हिंग के प्रणेता व संस्थापक सद्गुरू रविशंकर के अवतरण दिवस 13 मई के उपलक्ष्य में भक्तों व अनुनायियों के द्वारा सेवा, साधना एवं सत्संग को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसकी जानकारी संभागीय प्रशिक्षक समन्वयक कमल किशोर दुबे एवं विकास चौहान, जिला प्रशिक्षक समन्वयक ने संयुक्त रूप से मीडिया को जारी बयान में दी है। उन्होंने बताया कि सोमवार प्रातः 6.30 बजे दाऊमिल में योग, ध्यान एवं साधना दोपहर 12 बजे सोनी शो रूम (गीदम रोड) के सामने जल जीरा वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात सांय 7 बजे गुरू पूजा, दिव्य सत्संग पश्चात महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी जेल दाखिल

**जगदलपुर।** नाबालिग मंद बुद्धि



बालिका को बहला फुसलाकर लज्जा भंग करने के आरोपी फेरीवाला को जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी घनश्याम कामडे के मार्गदर्शन में फेरी वाला आसिब अली उर्फ भूरा 19 वर्ष निवासी फैज गंज बेहटा मुस्तफा कॉलोनी जिला बदायू उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी भानपुरी राकेश राठौर के नेतृत्व में उप निरीक्षक शत्रुघन नाग, आरक्षक रमेश मरकाम, सरोज सेठिया, प्रेमु लाल वर्मा, अशोक खाखा, छबीलाल सोम की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ट्यूशन जाते युवक की चाकू दिखा की पिटाई, 4 जेल गए



**जगदलपुर।** कार कट मार कर धारदार लोहे का चाकू दिखाकर मारपीट करने तथा डराने धमकाने तथा गुंडागर्दी करने वाले युवकों पर कार्यवाही की गई है। 6 मई की दोपहर 3 बजे प्रार्थी भागीरथी बिसोई अपने घर से ट्यूशन धरमपुरा जा रहा था अचानक सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 18 जे 0555 के चालक द्वारा अपने वाहन को कट मार कर चिरंजीव सोनी, सौरभ उर्फ सुभम सोनी, मयंक सोनी, प्रकाश उर्फ बाबू जोशी कार से उतरे और लोहे का धारदार हथियार दिखाते मारपीट किये तथा उसमे से एक आरोपी ने प्रार्थी के मोबाइल को पटक कर तोड़ दिया। 10 मई को थाना बोधघाट में अपराध कायम कर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के मार्गदर्शन एवं अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग, नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर शेष पेज 10 पर

**कोताही :** बस्तरवासियों को रायपुर तक ट्रेन पर सफर करने और वर्षों इंतजार करना पड़ेगा

# ताड़ोकी से मात्र एक किमी तक ही बढ़ पाई रेललाइन, जगदलपुर तक सपना ही रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन निर्माण को लेकर बस्तर के लोग काफी समय से प्रतिक्षा कर रहे हैं। यहां तक की ओड़िशा के मलकानगिरी पहुंचे रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर उन्हें इस रेल लाइन की स्थिति से अवगत कराते ज्ञापन सौंपा था। रेल आंदोलन समिति के दबाव पर भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल 2022 के जनवरी माह में रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से पड़ोसी प्रांत ओड़िशा के नवरंगपुर में मुलाकात कर उन्हें बस्तर से जुड़े विभिन्न यात्री रेल सुविधा और दल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन निर्माण में हो रही देरी को लेकर मेमोरंडम भी सौंपा था। भाजपा के तत्कालीन प्रदेश प्रभारी ओम माथुर के प्रयास से पिछले साल मई 2023 में बस्तर भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल को दिल्ली आमंत्रित कर रेल मंत्री से मुलाकात करवाई गई। हालांकि प्रतिनिधिमंडल में भाजपा प्रदेश प्रभारी स्वयं सम्मलित नही हुए थे। उस दौरान रेल मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा देते पिछले वर्ष जुलाई 2023 तक दल्ली राजहरा-जगदलपुर तक दोनों तरफ से रेल लाइन का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने डीपीआर तैयार होने के बाद अतिशीघ्र लाइन बिछाने का कार्य होने का आश्वासन दिया था। आज लगभग एक साल होने जा रहा है,न तो डीपीआर के विषय मे कोई मूवमेंट का पता चला और न ही लाइन बिछाने जा कार्य प्रारम्भ हो सका।





### डीपीआर की घोषणा के चलते बड़ा आंदोलन स्थगित



रेल लाइन मांग को लेकर अंतागढ़ से जगदलपुर तक पदयात्रा करने वाले एक अन्य सदस्य सम्पत्त झा ने कहा पदयात्रा और भाजपा छग के तत्कालीन प्रदेश प्रभारी के प्रयास से रेल मंत्री ने इस बहुप्रतीक्षित रेल लाइन निर्माण कार्य के लिए डीपीआर रिपोर्ट गत जुलाई 2023 तक कम्प्लीट होने और उसके आधार पर पटरी बिछाने के आश्वसन के बाद बस्तर रेल आंदोलन के सदस्यो ने चरणबद्ध आंदोलन को निरस्त कर केंद्र सरकार पर भरोसा किया। लेकिन रेल मंत्री के डीपीआर वाली ट्वीट आज एक साल होने जा रहा है, एक इंच पटरी बिछाने का काम शुरू नही हो पाया। आने वाले दिनों में फिर से रणनीति तय कर रेल आंदोलन पर एक निर्णायक बैठक के बाद रूपरेखा तैयार की जाएगी। आवश्यक हुआ तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

### 175 किमी पदयात्रा का भी रेल मंत्रालय पर असर नहीं

बस्तर की इस बहुप्रतीक्षित रेल लाइन निर्माण कार्य दोनों तरफ से दल्ली राजहरा और जगदलपुर से काम प्रारम्भ कराने की मांग को लेकर छग सर्व आदिवासी समाज, बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अलावा विभिन्न संगठनों के सहयोग से बस्तर रेल आंदोलन समिति के दर्जनों प्रतिनिधि 3 अप्रैल से 10 अप्रैल 2022 तक 175 किमी पदयात्रा अंतागढ़ से जगदलपुर तक किया था। पदयात्रा में सम्मलित सदस्य किशोर पारख ने बताया पदयात्रा के बाद रेल लाइन का काम तेज गति से आरंभ हुआ। आंदोलन का असर यह हुआ कि अंतागढ़ से 18 किमी दूरी रावघाट की ओर 18 किमी तक रेल लाइन का निर्माण हुआ। अभी 2 वर्ष हो चुका ताडोकी से मात्र 1 किमी आगे तक लाइन बिछाई गई उसके बाद से काम बंद है। ऐसी जानकारी है।

### बस्तर में रेल सुविधा को लेकर पीएम-सीएम ने चुप्पी साधी

छग सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष और अंतागढ़ से जगदलपुर पदयात्रा में सम्मलित वरिष्ठ सदस्य दशरथ कश्यप ने कहा जब हम लोगों ने रेल लाइन की मांग को लेकर पदयात्रा प्रारंभ किया था, उस दौरान अंतागढ़ तक रेल लाइन बिछाई जा चुकी थी। दो साल में केवल 19 किमी तक लाइन आगे बिछाई गई है। उन्होंने दुख जताते कहा लोकसभा और विधानसभा चुनाव सम्पन्न हो चुका है। दोनों चुनाव में प्रचार के दौरान देश के प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय रक्षा मंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री, वन मंत्री प्रदेश अध्यक्ष चुनावी रैली में बस्तर में यात्री रेल सुविधा को लेकर या दल्ली राजहरा-जगदलपुर रेल लाइन पर एक शब्द भी नही बोला। पहले से ही रेल मंत्री बस्तर के प्रति सौतेला व्यवहार कर रहे है यह जग जाहिर है। ऐसा लगता कि केंद्र के मंत्रियों को बस्तर के प्रति या यूं कहें बस्तर विकास में मील का पत्थर साबित होने वाला यात्री रेल लाइन विस्तार के लिए जरा भी चिंता नही है।

# इंद्रावती टायगर रिजर्व में दिखा राजकीय पशु 17 वन भैंसों का झुंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- वन भैंसे की शुद्ध नस्ल का पता लगाने करेंगे परीक्षण
- कैमरे में कैद तस्वीरों से मिली वन भैंसों के संरक्षण की कोशिशों बड़ी राहत

इंद्रावती टाइगर रिजर्व में छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु वन भैंसे का 17 झुंड विचरण करते देखा गया है, इनकी तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं। इन तस्वीरों ने वन भैंसों के संरक्षण की कोशिशों में जुटे वन विभाग को बड़ी राहत दी है। वन भैंसे देखे जाने के बाद अब इनके संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रिजर्व में ही शुद्ध नस्ल के वन भैंसे बचे हुए हैं, लेकिन इसकी भी सीमा महाराष्ट्र-तेलंगाना के राज्यों से लगती है। प्रजाति और नस्ल शुद्ध है या नहीं इसके परीक्षण के लिए अब सीएनबी के साथ वन विभाग इन वन भैंसे की शुद्ध नस्ल का डीएनए परीक्षण के जरिए पता लगाएगा। इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर जिले के अंतर्गत आता है और महाराष्ट्र के सीमाएं क्षेत्र में हाल ही में सैंड्रा और माड़ से लगे जंगलों में वन भैंसे पाए जाते हैं। यह पहली बार है कि इसका रिकॉर्ड दर्ज किया गया है।

**विशेषज्ञों के लिए बड़ी चुनौती-** डीएनए परीक्षण के लिए सबसे बड़ी चुनौती नक्सल प्रभावित इलाके में इन वन भैंसे की नस्ल की जांच करना है। इसी के लिए वन्य प्राणी विशेषज्ञ सबसे शुद्ध नस्ल की पहचान के लिए हैदराबाद के सेंटर फॉर सेल्यूलर एंड मॉलेक्युलर बायोलॉजी लैब में इसके डीएनए की जांच कर अनुवांशिकी से संबंधित जानकारी जोड़ेंगे।

### 4 राज्यों की समन्वित कार्ययोजना बनेगी

सीसीबी लैब के विशेषज्ञ डॉ. डॉ. संभाषी राव ने हाल ही में इंद्रावती टाइगर रिजर्व में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र के वन अधिकारियों के साथ समन्वित बैठक में एक कार्ययोजना तैयार करने की बात कही है। प्रदेश में 37 वन भैसे हैं, इनमें से 17 इंद्रावती टाइगर रिजर्व में पाए गए हैं। इनके सर्वाधिक शुद्ध नस्ल के होने का अनुमान है।

### ग्रामीणों की टीम गठित की गई

इंद्रावती टायगर रिजर्व जगदलपुर के मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीवन) एवं क्षेत्रीय निदेशक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि टाइगर रिजर्व के 17 की संख्या में झुंड देखने को मिला है। कहीं 12, कहीं 4, कहीं 6 की संख्या में घूमते हैं, अभी तक 17 ही मानकर चल रहे हैं। इसके लिए सेंशर्स की कार्रवाही चल रही है, सेंशर्स पूरी एक साथ नहीं हो पा रही है। गांव के लोगों की एक टीम बनाई गई है।

# तापमान में हल्की गिरावट, बस्तर का बदला मौसम, देर शाम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- वायुमंडल में बने सिस्टम की वजह से आगामी घंटों में गरज-चमक के साथ होगी बारिश

बस्तर में पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। दिनभर आसमान खुले रहता है और तेज धूप से गर्मी का अहसास होता है। शाम होते ही मौसम में बदलाव के साथ गरज-चमक के साथ हल्की और मध्यम वर्षा हो रही है। शनिवार को तापमान में हल्की कमी आई और अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिसे कमी होकर 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम भी थोड़ा डाउन होकर 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया



गया। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक वायुमण्डल में एक द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका-हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी शेष पेज 10 पर

# पबजी खेलने से मना करने पर बालक ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नाना के घर आया 14 वर्षीय छात्र बीती रात से गायब था। परिजनों ने खोजबीन की लेकिन बच्चे का पता नहीं चला। शनिवार की सुबह बच्चे का शव नए पुल के पास इंद्रावती नदी में पाया गया। घर में एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें परिजनों के द्वारा पबजी खेलने नहीं देने का जिक्र किया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी सुरेश



जांगड़े ने बताया कि बनारस के मुगलसराय में रहने वाले सुनील गुप्ता का छोटा बेटा अभिनव अपनी मां सुसुम के साथ नाना रामदुलारे के लालबाग निवास में आया था। पबजी शेष पेज 10 पर


## पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### शाखा प्रबंधक NSDC-SID केन्द्र क्रमांक- TC210200

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 12वीं (बायोलॉजी) के प्राप्तांको के अनुसार संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (2024-25) में प्रवेश, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित ।

(उपलब्ध एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण केंद्र एवं काउंसिलिंग सेंटर एवं कुल सीटें)

| काउंसिलिंग सेंटर का नाम | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (EMT) |
|---|---|---|---|
| अम्बिकापुर | 60 | 60 | 30 |
| सूरजपुर | 60 | 60 | 30 |
| रायपुर | 60 | 60 | 30 |
| बिलासपुर | 60 | 60 | 30 |
| कांकेर | 60 | 60 | 30 |
| कोंडागांव | 60 | 60 | 30 |
| सुकमा | 60 | 60 | 30 |
| नारायणपुर | 60 | 60 | 30 |
| दंतेवाड़ा | 60 | 60 | 30 |
| जगदलपुर | 60 | 60 | 30 |
| बीजापुर | 60 | 60 | 30 |

आवेदन हेतु 12वीं कक्षा (बायोलॉजी) से न्यूनतम प्रतिशत अनु. जाति हेतु 45%, अनु. जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या । अधिक विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिए गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट भरें। साथ ही 25 रूपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक एक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. जो विद्यार्थी सत्र 2024 में 12वीं उत्तीर्ण किए हैं वह विद्यार्थी इन्टरनेट कम्प्यूटर प्रिंट कराकर छायाप्रति संलग्न कर सकता है।
3. चयनित उम्मीदवारों को फोन अथवा कॉल लेटर द्वारा काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंसिलिंग हेतु पात्र होंगे।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथिः 10/06/2024 तक

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथिः 14/06/2024 तक

कार्यालय का पता :- NSDC- SID केन्द्र क्र. TC210200, महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

प्रति,

संचालक

शाखा प्रबंधक NSDC- SID केन्द्र क्र. TC210200,

महादेव घाट रोड, (रायपुरा) रायपुर (छ.ग.) पिन - 492013

महोदय,

पासपोर्ट साइज फोटो

......................................(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।

1. आवेदक का नामः- ..........................
2. पिता/पति का नाम :- ..........................
3. जन्मतिथि अंकों में :- ..........................
4. अनु. जाति / अनु. जनजाति / पिछड़ा वर्ग :- ..........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित :- ..........................

.............. 1. मो. .............. 2. मो. .............. व्हाट्सएप नंबर ..............

6. शैक्षणिक योग्यता :- ..........................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट NSDC- SID केन्द्र क्र. TC210200



## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124



online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 20,500/-



## चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

By Train-रिजर्वेशन कोच

20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024 05 जून से 18 जून 2024

राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### बालक हुआ घायल बाइक चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत नयापारा निवासी 9 वर्षीय. निशा मण्डल पिता वासुदेव मण्डल घर के सामने आम पेड़ के नीचे सड़क किनारे खेल रही थी। पानावार छोटे बेठिया की तरफ से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीवी 9005 के वाहन चालक द्वारा तेजी व लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसके दाहिने पैर के पंजा, जांघ मे चोटे लगी और चोट लगने से सड़क में गिरकर बेहोश हो गई थी। सिर में अंदरूनी चोट लगा था जिसे पीएचसी बांदे में ईलाज के लिये लाया गया। डां. के द्वारा चेक करने बाद उचित ईलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर भेजा गया। रायपुर ले जाते समय बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में जाँच के दौरान चालक की लापरवाही पर चालक के खिलाफ धारा 304 (ए) आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पानी में डूबने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

**कांकेर।** पखांजूर थानांतर्गत पीव्ही 07 छोटेकापसी निवासी 1 वर्ष 6 माह की बच्ची डिम्पी पिता उमेश का 10 मई को दोपहर ढाई बजे अपने घर आंगन मे पानी खेलते हुए टब मे अचानक डूब जाने से बच्ची को ईलाज के लिए पखांजुर के सरकारी अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने बच्ची को मृत बताया और वार्ड ब्वाय की जानकारी पर पखांजुर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### जमीन विवाद पर हुई मारपीट काउंटर केस हुई फाइल

**कांकेर।** हेटारकसा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और दोनो पक्षों ने कोरर थाना में एक दूसरे के खिलाफ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने की शिकायत किया है। पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ काउंटर के दर्ज किया है। कोरर थाना मे शिकायत करने पहुँचे हेटारकसा निवासी लीलेश कुमार साहू पिता स्व. सुखदास, कुलेश्वरी पिता धनेस साहू ने पुलिस को बताया कि 10 मई को लगभग 10 बजे अपने खेत से वापस घर जाने के लिए मोटर सायकल में बैठे थे कि उसी समय भुवन साहू, हेमलाल साहू के द्वारा हमारी मोटर सायकल को रोककर हमारे साथ गाली देते हुए कहने लगे कि तुम्हारी औकात क्या है, बोलते हुए दोनो डण्डा से मारपीट करने लगे, जिससे मुझे और लीलेश को दाहिने हाथ एवं पैर में चोट आई तथा कुलेश्वर को दाहिना हाथ के उंगलियों में चोट लगी है। मेरे एक तरफ पसली के हिस्से में दर्द तथा जीभ में भी चोटे आई है। हमारे द्वारा मना करने के बाद भी वे लोग रूके नही, गाली देते हुए मारपीट करते रहे। भुवन साहू , हेमलाल साहू हम लोगो को बोला कि तुम लोग का कोई औकात नही है, तुम लोगो को हम गाडी से दबा करके मार देगें, तुम लोगो को रास्ते में देखने वाला कोई नही रहेगा। उसके इस कृत्य से हम दोनो एवं हमारे परिवार वाले भी भयभीत है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना मे लिया गया। दूसरे पक्ष से कोरर थाना में शिकायत करने पहुँचे 49 वर्षीय भुवन लाल साहू पिता स्व. मयाराम साहू ने पुलिस को बताया कि 10 मई को लगभग 10 बजे पुराने जमीन विवाद को लेकर खेत के पास लिलेश साहू, अवधराम साहू, सतानंद साहू और कुलेश्वर साहू बेवजह गाली देते हुए कहने लगे कि तुम लोगो को जान से मार दूँगा, ऐसी धमकी देते हुए सभी मिलकर हाथ मुक्का व खेत के पास पडे हुए डण्डे से मारपीट करने लगे, मना करने पर गाली देते हुए चारो एक राय होकर मारपीट किए, जिससे मुझे दाहिना पैर, कमर, पीठ व गाल में चोट लगा है। मेरे पुत्र हेमलाल को सिर, माथा, गर्दन व पीठ में चोट लगा है।

### 10वीं एवं 12वीं छात्र 24 तक करवा सकेंगे पुनर्गणना व पुनर्मूल्यांकन

**कांकेर।** दसवीं व बारहवीं के छात्र परीक्षा में मिले अंकों से संतुष्ट नहीं होने पर रिजल्ट जारी होने के 15 दिनों के भीतर यानी 24 मई तक पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेंगे। पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन के साथ ही उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति के लिए भी आवेदन कर सकते है।

# तपती गर्मी में कोलकता से पहुंची लीची से मिली राहत और स्वाद है लाजवाब

## विटामिन्स व खनिज तत्वों से भरपूर लीची फिलहाल 250-300 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

हर साल की तरह इस साल भी तेज गर्मी से राहत दिलाने कलकत्ता की लीची ने कोण्डागावं में दस्तक दे दी है। हालांकि 250 से 300 रू प्रति किलो की मंहगी दर से बाजार में कदम रखने वाली लीची आम लोगों की पहुंच से दूर नजर आती है। पर ऐसा है नहीं। लीची के स्वाद व लाजवाब सुगंध के शौकीनों को इससे कोई खास फार्क नहीं पडता आखिर सालभर में थोडे ही समय के लिये इस फल को खरीदा और खाया जा सकता है। मध्यमवर्गीय भी इसे पूरे शौक के साथ खरीद ही रहे है भले की उसकी मात्र कम ही हो।

### लीची है गुणों का खजाना

गर्मी के मौसम में लीची न सिर्फ तीखी गर्मी से राहत दिलाती है अपितु यह सेहत के लिये भी खासी गुणकारी होती है। इसमें विटामिन्स व खनिज तत्वों का भण्डार छिपा है जो शरीर को रोगों के प्रति लडने में सशक्त बनाने में महती भूमिका निबाहती है। इससे'शरीर को अच्छा पोषण मिलता है। इसी क्रम में पतंजली स्टोर कोण्डागावं में भी लीची के जूस ने आमद दे दी है। यह काफी किफायती दरों पर महज 10 रू प्रति पाउच उपलब्ध है। जिसे लोग काफी पंसद कर रहे है।



### लीची जमीन पर

लीची की अच्छी मांग व अच्छी आय कमाने के साधन के रूप में कोण्डागांव के कुछ किसानों ने इसे अपनी भूमि पर उपजाया भी है। और इसी साप्ताहिक बाजार में लीची के फलों को बस्तर के पारम्परिक खरीदी बेचने की पद्धति से ढेरी बना कर बेचते भी नजर आये। हांलाकि रंग और स्वाद में एक कदम पीछे इस लीची के खरीद भी कम नहीं है। जिले में लीची की यह प्रारम्भिक शुरूवात है और इसे अच्छी पहल माना जा सकता है। कोण्डागांव का मौसम लीची के लिये अनुकूल माना जा रहा है। स्थानीय उद्यान विभाग को इस पर ध्यान देना होगा।

## जयंती : सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने नृत्य-गीत में दिखाई प्रतिभा

# भगवान परशुराम की जंयती पर निकाली शानदार शोभायात्रा और हुई भजन संध्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोण्डागांव नगर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसव पर कनेरा रोड स्थित ब्राम्हण भवन में ब्राम्हण समाज द्वारा प्रात 9 बजे भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति से संबन्धित प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों में बहुत उत्साह देखा गया।

**अजय, शकुन व नंदनी रही प्रथम** – प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अजय शर्मा को रामायण पाठ शगुन शर्मा, नंदनी शर्मा नृत्य, देवांशी शर्मा, प्रियांशी शर्मा नृत्य तथा फैंसी ड्रेस में आध्या अवस्थी, समिधी अवस्थी तिवारी, श्रेयांशी तिवारी को दर्शकों ने बहुत पसंद किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों की श्रीमति शांति बाजपेई, दिनेश शुक्ला, भूपेश निवारी, सुशील शर्मा द्वारा पारितोषिक प्रदान किया गया।





**समाज का नाम रोशन करने वाले सम्मानित** – दोपहर 2 बजे से समाज के सदस्यों द्वारा विभिन्न क्षेत्रें में उच्चस्तरीय उपलब्धियां हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से श्रीमति रश्मि अग्निहोत्री साहित्य एवं पी. एच.डी., कु नित्या पाण्डेय अंतरिक्ष विज्ञान में पीएचडी. चिली साऊथ अमेरिका से ,आलोक दुबे, एसपी. तिवारी, राजेश शुक्ला, डीडी वाजपेयी, दिनेश शुक्ला नलिन पण्ड्या, शिवनारायण अवस्थी, सुशील शर्मा, सचिन मिश्रा एसपी. शुक्ला,बलराम झा, ईशी तिवारी टेबल टेनिस राष्ट्रीय स्तर को प्रशस्ति पत्र, सम्मान चिन्ह, शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया



**सक्रिय कार्यकर्ता भी सम्मानित** – सक्रिय कार्यकर्ताओं से मनोज तिवारी, पंकज द्विवेदी, शिव तिवारी, लवदीप तिवारी, किशोर शर्मा, रामशंकर पाण्डेय, जमादनराय, अंकित मिश्रा, अमरेश झा, परिहंशदुबे बीपी पाण्डेय, राजिका पाण्डेय, श्रीमति गीता पाण्डेय, निशा पाण्डेय, प्रमिला पाण्डेय, शारदा तिवारी, अर्चन पाण्डेय, मधु तिवारी, गीता राय, रश्मि शुक्ला, प्रतिभा शुक्ला, अंशु पाण्डेय आदि को भी सम्मानित किया गया।

**डीजे की धुन पर निकाली शोभा यात्रा** – शोभा यात्र दोपहर 4 बजे से भगवान परशूराम की झांकी के साथ अन्य रैली का आयोजन किया गया। जिसमें जो ब्राह्मण भवन से शुरू होकर नगर के प्रमुख स्थल जगदलपुर फारेस्ट नाका, बस स्टेंड राम मंदिर रायपुर नाका, शीतला मंदिर, मंडी रोड, होते हुए कनेरा–कनेरारोड से ब्राम्हण भवन पहुंची। रैली में लगभग सभी संप्रदाय के लोगों ने हिस्सा लिया।

**भक्तिमय भजन संध्या बनी बडा आकर्शण** – रात्रि 8 बजे रेली समापन उपरांत भोजन पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया। तथा सामाजिक गतिविधियों को सुचारू रखने के लिए परिचर्चा की गई।

**इनके मार्गदान में सफल आयोजन** – कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद मिश्रा, सचिव पवन झा, सलाहकार गोपाल दीक्षित, भूपेश तिवारी, राजाराम त्रिपाठी, एसपी. तिवारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर उक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# आदिवासियों की आर्थिक आय का बड़ा जरिया तेंदूपत्ता संग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला बस्तर में गर्मियों के मौसम में हरे सोने की पैदावार होती है। ये हरा सोना यानी तेंदूपत्ता ही आदिवासियों की कमाई का सबसे बड़ा जरिया है। तेंदूपत्ते को हरा सोना इसलिए कहा जाता है, क्योंकि इससे होने वाली आमदनी सोने-चांदी के बिजनेस के बराबर होती है, इससे सरकार को भी राजस्व मिलता है। बस्तर जिले में 15 समितियों ने 245 फड़ से 21800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रह करने का लक्ष्य था, अब तक 18573.503 मानक बोरा संग्रह हुआ। इसमें से डिलमिली समिति ने 21 फड़ में लक्ष्य से 142.27 फीसदी, नानगुर में 103.43 फीसदी, मुली में 111.05 फीसदी एवं भानपुरी में 117.24 फीसदी तेंदूपत्ता का संग्रहण हुआ। संग्रहण के दौरान फड़ में पहुंचे डीएफओ ने संग्राहकों से चर्चा की, उनके साथ एसडीओ योगेश रात्रे भी शामिल रहे।

### विदेशों में भी हरे सोने की डिमांड

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ के अलावा पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और भी कई राज्यों में इसकी अच्छी डिमांड है। वहीं तेंदूपत्ता का विदेशों में भी अधिक मांग है। बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार और अफगानिस्तान आदि कई मुल्कों में भारत से तेंदूपत्ता भेजा जाता है।

### 500 गड्डी संग्रहित करें

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि संग्राहक 500 गड्डी बेचने से बीमा होगा। साथ ही संग्राहकों के 10 वीं के बच्चे को 75 फीसदी अंक होने पर 15000 रूपए एवं 12 वीं के बच्चे को 75 फीसदी अंक लेने वालों को 25000 रूपए दिए जाएंगे। इसलिए संग्राहकों को कहा कि वे 500 गड्डी संग्रह करें।

# गीदम मेले में शामिल होने पहुंचा मां दंतेश्वरी का छत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम के तीन दिवसीय मेले में शामिल होने मां दंतेश्वरी का छत्र आज नगर पहुंचा। नगर के हारम चौक पहुंचने पर माई जी के छत्र की आतिशबाजी के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। गौरतलब है कि गीदम मेले में शामिल होने मां दंतेश्वरी का छत्र प्रति वर्ष आता है, इसी परंपरा अनुसार आज माई जी का छत्र गीदम पहुंचा। मेला स्थल पर मां के छत्र की स्थापना के बाद आरती पूजन किया गया। इसके पश्चात पहले दिन 11 मई को श्री सीताराम रामायण एवं भजन मंडली के द्वारा दैनिक बाजार प्रांगण में गणेश मंडप में भजन कीर्तन किया गया, साथ ही आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात दूसरे दिन 12 मई को सायं 4 बजे भैरव मंदिर में पूजा एवं मां दंतेश्वरी स्तंभ में ध्वजारोहण पश्चात नगर परिक्रमा कर सायं 7 बजे माई दंतेश्वरी तथा क्षेत्रीय देवी-देवताओं की पूजा एवं आरती की जाएगी। तत्पश्चात आदिवासी नृत्य एवं ओड़िया नाट्य व चल चित्र का प्रदर्शन किया जायेगा। गीदम मेले के अंतिम दिन 13 मई को सुबह 7 बजे से हवन पूजन आरती के पश्चात श्री श्री 1008 माई दंतेश्वरी एवं क्षेत्रीय देवी-देवताओं की विदाई की जाएगी। इसके साथ ही गीदम मेले का समापन होगा।

# बीस किलो गांजा जब्त, पांच आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी करते पाये गये 5 आरोपियों पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। थाना सिटी कोतवाली को सूचना प्राप्त हुआ था कि दो व्यक्ति आमागुड़ा चौक के पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा लेकर आने वाले लोगों का इंतजार कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा व अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्यवाही के लिए टीम रवाना किया गया। टीम ने नया पुलिया के पास दो संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पुछताछ करने पर किशन लाल उर्फ कन्हैया सालेवी एवं शिवलाल गाडरी निवासी राजस्थान का होना बताते कहा कि जगदलपुर के घंटेश्वर माहरा, राजेश बघेल एवं मोनू यादव से हमारा बातचीत हुआ है जो हमे 20 किलोग्राम गांजा ओड़शिा से लाकर देने वाले है। पूर्व में भी उनसे गांजा खरीदकर ले गये थे। तभी तीन व्यक्ति लालरंग के मोटर सायकल सुजुकी वाहन में आये जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। जिनके वाहन में दो बोरी मिला। पुछताछ करने पर बोरी के अंदर गांजा को बिक्री के लिए किशन लाल और शिवलाल को देने के लिये लाना बताया। बैग में 20.390 किलोग्राम गांजा पाया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराधिक प्रकरण पंजीबद्व कर, अनुसंधान में लिया गया। उनके कब्जे से गांजा कीमत 101950 रूपये, सुजुकी मो.सा.क्र. सीजी 17 केडब्ल्यु 9606 एवं 4 मोबाईल कीमत 206950 रुपये को बरामद कर गिरफ्तार किया गया। मामले के सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया गया। निरीक्षक समेत उप निरीक्षक प्रमोद सिंह ठाकुर, लोकेश्वर नाग सउनि. दिनेश उसेण्डी, प्रधान आरक्षक अनिल कन्नौजे, आरक्षक युवराज सिंह ठाकुर, रवि सरदार, अशोक मिंज एवं जिला क्राईम टीम का विशेष सहयोग रहा।

■ बाइक और मोबाइल भी जब्त किया

# रद्द दो एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन 13 दिनों बाद शुरू, यात्रियों को राहत




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पश्चिम ओड़शिा के सम्बलपुर रेल मंडल में रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के चलते हावड़ा तक चलने वाली सम्लेश्वरी और राउरकेला तक आने-जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेने 26 अप्रैल से 8 मई तक जगदलपुर नही भेजी जा रही थी। 13 दिन पश्चात 9 मई से दोनों गाड़यिों का परिचालन प्रारम्भ होने से बस्तर और दक्षिण ओड़शिा के यात्रियों को राहत मिला है। सम्लेश्वरी और राउरकेला एक्सप्रेस पश्चिम ओड़शिा समेत महानगर कोलकाता तक चलती है। सम्लेश्वरी एक्सप्रेस का परिचालन होने से बस्तर का व्यापार खासकर कपड़ा, मनिहारी, प्लास्टिक, पान समेत अधिकांश सामग्री इसी ट्रेन के जरिये बस्तर पहुंचता है। 13 दिनों तक सम्लेश्वरी एक्सप्रेस का परिचालन जगदलपुर तक नही होने से यहां के व्यापार में प्रतिकुल प्रभाव पड़ा था। अब व्यापारियो ने राहत की सांस ली है। बताया गया कि सम्बलपुर रेल खण्ड में रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के चलते नान इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ब्लाक लिया गया था। केआर लाइन के कोरापुट-रायगढ़ा के घाट सेक्शन में दोहरीकरण कार्य किया जा रहा था। दोहरीकरण कार्य सुबह से शाम तक जारी रहा। सम्लेश्वरी एक्सप्रेस जगदलपुर से सुबह 5 बजे हावड़ा के लिए रवाना होती है,जबकि राउरकेला एक्सप्रेस दोपहर ढाई बजे यहां से छूटती है। दोनों ट्रेनो के टाइमिंग के चलते नान इंटरलॉकिंग कार्य प्रभावित न हो इसे ध्यान में रखकर दोनों ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया था। अब दोनों एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन दुबारा चालू होने से लोगो को राहत मिली है।

■ सम्बलपुर रेल मंडल में दोहरीकरण कार्य के चलते जगदलपुर नहीं भेजी जा रही थी ट्रेन

## बड़े-बड़े वाहनों में भरे नमक के पत्थरनुमा ढेले हैं, सेहत के फिक्रमंदों को मिली राहत

# सिंध के पिंक साल्ट को बेचने राजस्थान के व्यापारियों का आमद आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नमक का रसोई में बेहद महत्वपूर्ण स्थान है। नमक की अनुपस्थिति रसोई को बेसुस्वाद बना देगी। पर नमक को सेहत के लिये खतरनाक भी बताया गया है। सभी तरह के नमक सेहत के लिये नुकसानदेह नहीं है। आमतौर पर घरो में सफेद नमक का इस्तेमाल किया जाता है जो के काफी खतरनाक माना जाता है। इसे व्हाईट स्लो पाईजन तक कहा जाता है। पर नमक के दूसरे प्रकार जैसे काला नमक या सैंधा नमक सेहत के लिये अच्छे माने गये है। सैंधा नमक को तो उपवास में भी उपयोग करने की अनुमति दी गयी है, जाहिर इसके फायदों को पहचाने हुये प्रचीन काल से ही अच्छी मान्यता दे दी गयी है। सैंधा नमक जो कि सिंध पाकिस्तान में बहुतायत से पाया जाता है। इसके पहाड होते है जिसे खोद कर इसे लाया जाता है। इसी नमक को लेकर राजस्थान के व्यापारी कोण्डागांव के मध्य से गुजर रहीं हाईवे 30 पर अपने वाहनों में भर कर बेच रहे है। और अपने पोस्टर बैनर में कई असाध्य रोग जैसे घुटनों में दर्द, हदय रोग आदि से छुटकारा मिलने का सुगम सस्ता साधन भी बता रहे है।







**काला व सैंधा नमक ऐसे पहुंचा कोण्डागांव** – राम मंदिर तालाब के सामने काला व सैंधा नमक बेच रहे एक व्यापारी रामशंकर ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि यह माल बैद्य तरीके से सिंध से पंजाब ,हरियाणा प्रांत पहुंचता है। फिर वहां से पूरे उत्तर भारत में खपाया जाता है। इस नमक में कई खनिज तत्व होते है जिससे शरीर के जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति हो जाती है। यह स्वाद देने के साथ ही सेहत भी बढिया बना देता है। ऐसी मान्यता है कि इसके नियमित इस्तेमाल से उम्र में इजाफा होता है। साथ ही कई तरह के उम्र जनित रोगों से भी सफलतापूर्वक बचाव होता है। हांलांकि सफेद नमक की तुलना मे यह थोडां मंहगा होता है पर दैनिक जीवन में नमक बहुत सूक्ष्म मात्र में उपयोग किया जाता है। एक औसत परिवार प्रति माह महज एक किलो नमक का उपभोग कर पाता है।

**नमक के बड़े बड़े ढेले लेकर पहुंच रहे चक्की** – नगर के लोग इन नमक के ढेलों को लेकर पीसने के लिये चक्कियों पर पहुच रहे है। जहां पिंक साल्ट यानी कि सैंधा नमक की पिसवा कर अपने घरों में सुरक्षित तरीके से संरक्षित कर रहे है क्योंकि आमतौर पर नमक के ये पत्थर खरीदने के लिये उपलब्ध नहीं होते, हांलाकि कई बडे ब्राडों ने पिसा काला नमक व सैंधा नमक उपलब्ध कराया है पर यह इस की तुलना में काफी मंहगा और पूर्ण शुद्वता के लिये आंखों देखी विष्वसनीयता की सुविधा नहीं देता है।

## पेज 9 के शेष...

### तापमान में हल्की...

चन्द्रा ने बताया सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु हल्की वृद्धि का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है।

### पबजी खेलने से मना...

खेलने से मना करने के बाद भी अभिनव ने पबजी खेलना बंद नहीं किया। जिसके चलते मां ने फोन छीन लिया। फोन छीनने के बाद गुस्से में अभिनव शुक्रवार की शाम को घर से निकल गया, जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं नहीं मिलने पर थाना कोतवाली में शिकायत की गई। आज सुबह डोंगाघाट के बच्चे जब नदी में नहाने गए तो शव को पानी में देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला और परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने शव की शिनाख्त की इसके बाद शव को पीएम के लिए मेकाज भेजा गया। वहीं घटना के बाद से परिजनों का बुरा हाल है।

### ट्यूशन जाते युवक...

राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर चारो आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से चाकू, कार एवं टुटा हुआ मोबाइल जप्त कर आरोपियों को 294, 323, 506, 427, 34 भा.द.वि., 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में न्यायालय भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक समेत प्रधान आरक्षक नितेश मेश्राम, आरक्षक झलकु, विजय तिर्की, कामदेव की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### एक्युप्रेशर-सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय शिविर शुरू

**दंतेवाड़ा।** गायत्री शक्तिपीठ दन्तेवाड़ा के तत्वावधान में 10 से 15 मई तक 6 दिवसीय एक्युप्रेशर, सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग व ट्रीटमेंट संस्थान, जोधपुर राजस्थान के विशेषज्ञों द्वारा ईलाज किया जाएगा। शिविर में जोधपुर राजस्थान से डॉ. वीआर. चौधरी व थेरेपिस्ट डीआर. जाखड़ विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। श्री गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी दसरूराम बघेल ने बताया कि शिविर में पुराना सरदर्द, आंख, कान, नाक, गला, घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, गैस, लकवा मानसिक तनाव, सर्वाइकल दर्द, घुटनों में दर्द, बवासीर सहित अनेक बीमारियों का ईलाज बिना दवाई एक्युप्रेशर सुजोक एवं वाइब्रेशन थैरेपी से किया जावेगा। जिले में पहली बार सुजोक वाईब्रेशन एवं चुम्बकीय पद्यति से ईलाज किया जा रहा है। शिविर का समय सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं शाम को 4 बजे से 8 बजे तक ईलाज किया जाएगा।

### सेजेस बस्तर में प्रवेश के लिए लॉटरी 15 को

**भोंड।** स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में कक्षा पहली से 12वीं तक प्रवेश हेतु शासन के निर्देशानुसार 5 से 10 मई तक ऑनलाईन एवं आफलाइन माध्यम से कुल 157 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें कक्षा प्रथम हेतु 95, तीसरी हेतु 23, कक्षा पांचवी हेतु 9, कक्षा सातवीं हेतु 7 व हाई-हायर संवर्ग हेतु 23 फार्म प्राप्त हुए है। जिसकी पात्र-अपात्र सूची विद्यालय सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई हैं। उक्त सूची में दावा आपत्ति के लिए आवेदन 13 मई तक कार्यालयीन समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक स्वीकार की जावेगी। इसके उपरान्त किसी भी प्रकार के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। संस्था के प्राचार्य मनोज सिंह के अनुसार 15 मई को सुबह 10 बजे विद्यालय प्रांगण में पालकगणों की उपस्थिति में लॉटरी पद्धति द्वारा प्राथमिक व माध्यमिक स्तर में निर्धारित रिक्त सीट पर बच्चों का चयन किया जावेगा।

### बच्चों की अवधारणा अधिगम शैली एवं विविधता पर की गई चर्चा

# बालवाड़ी प्रशिक्षण में 72 शिक्षक व आंबा कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं जिला शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन पर कार्यालय जिला परियोजना समग्र शिक्षा एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दन्तेवाड़ा के आदेश के तहत गीदम विकासखण्ड में 3 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बालवाड़ी प्रशिक्षण 8 से 10 मई तक शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया। उक्त आयोजित प्रशिक्षण में बालवाड़ी संस्थाओं के चिन्हांकित 36 शिक्षक-शिक्षिका एवं 36 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। पहले दिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, खंड स्त्रोत समन्वयक जितेंद्र सिंह चौहान एवं महिला बाल विकास विभाग सुपरवाइजर मरकाम ने विधिवत रूप से इस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। मास्टर ट्रेनर्स महिला एवं बाल विकास विभाग के अनिता वारदे, भागवत राम, यूनिसेफ विक्रमशीला जिला समन्वयक मोहन कोड़ी ने तीन दिवस तक प्रशिक्षण प्रदान किया। बच्चों के लिए प्रारंभिक देखभाल और शिक्षा पर तीन दिवसीय विभिन्न गतिविधियों के महत्व और उद्देश्य पीपीटी के माध्यम से बताया गया। नई शिक्षा नीति 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क के मुख्य बिंदुओं, बच्चों की अवधारणा अधिगम शैली एवं विविधता पर चर्चा किया गया।

दूसरे दिन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य शैलेश सिंह, व्याख्याता संतोष मिश्रा, संदीप सामंत, पुरुषोत्तम साहू ने प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन कर मार्गदर्शन दिया। गतिविधियों के माध्यम से विकास के पांच आवाम शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, सामाजिक भावनात्मक व नैतिक विकास, भाषा व साक्षरता, सौंदर्य बोध और सांस्कृतिक विकास पर विस्तार से चर्चा किया गया।

तीसरे दिन जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता, जिला मिशन समन्वयक श्यामलाल शोरी, एपीसी कमल कर्मकार ने प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन कर शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं को बालवाड़ी के बारे में जानकारी दी। रेडीनेस के तीन आधार विद्यालय, परिवार एवं बच्चों के विकास पर विस्तार रूप गतिविधियों के माध्यम से बताया गया। बच्चें खेल में विशेष रुचि रखते हैं। खेल से जल्दी और अच्छे से सीख पाते हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन में गीदम संकुल समन्वयक योगेश सोनी, नितिन विश्वकर्मा, लक्ष्मण साहू, अमुजुरी बिश्वनाथ, सुनील जॉर्ज, नितिन झा ने विशेष सहयोग किया। इस प्रशिक्षण में कुल 72 शिक्षक-शिक्षिका एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अलेख महिमा धूनी मंदिर प्रतिष्ठा व सत्संग में शामिल हुए विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विकासखण्ड बकावंड ग्राम पंचायत जैबेल-2 पोलेबेड़ा में अलेख महिमा के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल शुक्रवार दोपहर मंदिर प्रांगण पहुंचे और अनुष्ठान शुरू किए। नवनिर्मित अलेख महिमा के मुख्य द्वार से अंदर तक पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे और दर्शन किये।

बस्तर विधायक बघेल ने मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जगह-जगह भजन कीर्तन, का आयोजन करते हुए लोगों ने अपनी सहभागिता निभाई। धूनी माता और अलेख महिमा के नारों की गूंज रही।

इस दौरान गौरांग चरण बाबा, धनुर्जय कश्यप, कमल, शोभामणि दास, घनश्याम नाग, विजय दास, सामुराम, हेमराज बघेल, डोमू राम, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम, नेपाल दास, टंकेश्वर, फरसु राम, लम्बूधर, सोनसिंह बघेल, लक्ष्मण नेताम, मंचित, आसमन, गिरधर एवं समस्त ग्राम वासी माता-बहनें उपस्थित रहे।

## शाखा प्रबंधक को स्टॉफ ने दी विदाई...



**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राजेंद्र भारती को रायपुर स्थानांतरण पर शाखा परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गयी। उन्हें स्मृति चिन्ह में बस्तर की काष्ठ से बनी शिल्प दी गई। इस मौके पर अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# जिले का परिणाम 10वीं का 85.13 एवं 12वीं का 83.99 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नकुलनार

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा सत्र 2023-24 बोर्ड परीक्षाओं 10वी, 12वी के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये है। जिसमें जिले के कुल हायर सेकण्डरी स्कुल 10वीं के 1927 विद्यार्थियों में 1906 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए और 1601 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण किया,जिसका प्रतिशत 85.13 रहा। इस तरह हाई स्कुल 12वीं के 2396 विद्यार्थियों में 2362 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल हुए एवं 2011 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण किया, जिसका प्रतिशत 83.99 रहा। इसके साथ ही जिले में कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी तिशा साहू एवं कक्षा 12वीं की खुशी ठाकुर ने प्रथम स्थान पाया।

उल्लेखनीय है कि जिले के 10वीं के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट गर्ल हिन्दी माध्यम विद्यालय गीदम के छात्रा कुमारी तिशा साहू ने 95.50, भूमिका ने 94.17, प्रार्थना सोरी ने 93.83, विनीता कड़ती ने 93.50, भुवनेश्वरी मरकाम ने 92.67, सुरभि मंडावी ने 91.67 एवं सरस्वती शिशु मंदिर गीदम के दिपेश निषाद ने 94.50, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय पोदुम के ईशांत ने 92.83 व साधुराम ने 92.67, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दंतेवाड़ा के तेजल साहु ने 92.33 तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुआकोंडा की ममता ताती का प्रतिशत 91.33 रहा। इसके साथ ही 12वीं के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गीदम की खुशी ठाकुर ने 86.80, गौरव सोनी ने 83.00, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय छोटे तुमनार के हेमंत कुमार ने 85.80, राजेश ने 81.60, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुआकोंडा की वैदेही सिंह चौहान ने 84.20, मिलेन्द्र नाग ने 82.40, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट गर्ल हिन्दी माध्यम विद्यालय गीदम की रीतू नेगी ने 83.20, रविता तेलाम ने 82.80, कमला यादव ने 81.40 एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय फरसपाल के विशाल ने 82.00, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कुआकोंडा की चंद्रिका पवार ने 81.60, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट गर्ल हिन्दी माध्यम विद्यालय कुआकोंडा के प्रांजल भदौरिया ने 82.00 तथा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुआकोंडा के हर्ष साहू ने 82.00 प्रतिशत हांसिल करके जिले के टॉप-10 की सूची में अपना जगह बनाया। इसके साथ ही कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्साहजनक सफलता हासिल करने पर बधाई भी दी।

# नपा अध्यक्ष ने धूमधाम से मनाया अक्ती तिहार





**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में हर साल की भांति इस बार भी अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाई गई। इस पर्व को छत्तीसगढ़वासी अक्ति तिहार के रूप में मनाते हैं। अक्षय तृतीया में गुड्डा-गुड़ियां की शादी कराई जाती है। अक्ति तिहार के अवसर पर सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू भी गुड्डा गुड़ियां के विवाह समारोह में शामिल होकर हल्दी की रस्म पूरी की। राजू साहू ने अक्ति तिहार का छत्तीसगढ़ में महत्व बताते हुए कहा कि इस लोक खेल में गुड्डा-गुड्डी प्रतीक होते हैं वर-वधू के,ये दोनों प्रतिमाएं मिट्टी की बनाई जाती हैं। इनकी शादी पूरी रस्मों के साथ की जाती है। चुलमाटी, तेलमाटी, बारात का प्रदर्शन करते हुए बच्चे सूपा, चन्नी, टीपा और थाली को लकड़ी से बजाकर जमकर बाजा बजाते हैं, इससे बैंड की कमी पूरी हो जाती है। पाणिग्रहण करने के साथ घर के अन्य सदस्य टिकावन के रूप में रुपये भी देते हैं। गौरतलब है कि, अक्षय तृतीया से ही राज्य में सभी मांगलिक कार्य शुरू होते हैं। मांगलिक कार्यों की शुरूआत के लिए यह दिन शुभ माना जाता है। मांगलिक कार्य के अलावा किसान आज के दिन माटी पूजन दिवस के रूप में मनाते हैं। विवाह के अलावा जनेऊ संस्कार, बच्चों का मुंडन संस्कार, सगाई, गृह प्रवेश, भूमि पूजन जैसे अन्य संस्कार भी इस दिन किए जा सकते हैं।

# हमारी नर्सें, हमारा भविष्य देखभाल की आर्थिक शक्ति

**अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है। जिनकी आज हम 204वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। लेडी विद द लैंप के नाम से विख्यात नाईटिंगेल का जन्म 204 वर्ष पहले 12 मई, 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। 12 मई सभी नर्सों के लिए एक महत्वपूर्ण तारीख है, क्योंकि यह फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म की सालगिरह है, जिन्हें व्यापक रूप से आधुनिक नर्सिंग का संस्थापक माना जाता है। जनवरी 1974 में, इस दिन को आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस घोषित किया गया। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते है। नर्सिंग, देखभाल की कला और विज्ञान को एकीकृत करती है। नर्सिंग को कला और विज्ञान दोनों के रूप में वर्णित किया जा सकता है। नर्सिंग पेशे में विशेषज्ञताओं और जटिल कौशलों की विशाल श्रृंखला के कारण, प्रत्येक नर्स में विशिष्ट ताकतें, जुनून और विशेषज्ञता होगी।

नर्सिंग स्वास्थ्य और मानव कार्यप्रणाली की सुरक्षा, संवर्धन और अनुकूलन पर ध्यान केंद्रित करती है। 21वीं सदी की नर्सिंग वह सेतू है, जो मरीज की स्वास्थ्य देखभाल यात्रा को एक साथ जोड़े रखती है। करूणा और समर्पण की समय-सम्मानित प्रतिष्ठा से परे यह एक अत्यधिक विशिष्ट पेशा है, जो समाज की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार विकसित हो रहा है। सबसे सटीक निदान सुनिश्चित करने से लेकर गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जन जागरूकता तक, सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में नर्सें अपरिहार्य हैं। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस (आईएनडी) प्रत्येक वर्ष 12 मई को मनाया जाता है और उसका थीम आईसीएन द्वारा चुना जाता है, जो विश्व भर में 130 से अधिक राष्ट्रीय नर्सिंग एसोसिएशनों का एक संघ है, जो विश्वभर में कार्यरत 28 मिलियन से अधिक नर्सों का प्रतिनिधित्व करता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद (आईसीएन) की अध्यक्ष डॉ. पामेला सिप्रियानो ने घोषणा की कि इस वर्ष का विषय देखभाल की आर्थिक शक्ति होगा। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2024 की थीम है-हमारी नर्सें, हमारा भविष्य। देखभाल की आर्थिक शक्ति। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद (आईसीएन) चार्टर फॉर चेंज की नीतिगत कार्रवाईयों को जारी रखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस 2024 को देखभाल की आर्थिक शक्ति पर केंद्रित करने का फैसला किया है, जिसका उदेश्य धारणाओं को नया आकार देना और यह प्रदर्शित करना है कि नर्सिंग में रणनीतिक निवेश कैसे आर्थिक और सामाजिक लाभ ला सकता है।

आदेश्वर नर्सिंग इंस्टीट्यूट की प्राचार्य एवं टीएनए छग स्टेट ब्रांच की उपाध्यक्ष डॉ. जीबी जॉर्ज का कहना है कि कोविड-19 महामारी से सीखे गए सबक और संघर्षों से जलवायु संकट और वित्तीय अस्थिरता के कारण दुनिया भर में आबादी के स्वास्थ्य के लिये बढ़ते खतरे को पहचानते हुए, हमारा मानना है कि दृष्टिकोण और नीति में बदलाव की वकालत करने का यह सही समय है। नीति निर्माता, स्वास्थ्य देखभाल प्रशासक और यहां तक कि आम जनता भी अक्सर पर्याप्त धन के निवेश पर मिलने वाले लाभ के बारे में अनभिज्ञ या गलत सूचना रखते हैं। आइए इस अवसर पर उन नर्सों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करें जिन्होंने हमारे जीवन को छुआ है। आइए उन चुनौतियों को भी स्वीकार करें जिनका वे सामना करती हैं-लंबे घंटे, कठिन कार्यभार और भावनात्मक तनाव। नर्सों का समर्थन करके और उनकी भलाई की वकालत करके, हम यह सुनिश्चित करते है कि वे, वह असाधारण देखभाल प्रदान करना जारी रख सकें जिस पर हम सभी निर्भर हैं।

# अक्ती तिहार में शामिल हुए कलेक्टर वर-वधु को दिया आशीर्वाद



**बीजापुर।** गोंडवाना समाज द्वारा अक्ती तिहार के अवसर पर आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर जिले के कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने परिणय सूत्र में बंधने वाले जोड़े की सुखद उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सुखी दांपत्य जीवन के लिए बधाई दी है। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने आयोजन कर्ताओं से भेंट कर छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति को संजोने के लिए बधाई दी। इसके साथ ही टीकावन कार्यक्रम में शामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद देते हुए सुखद दांपत्य जीवन कि कामना की। गौरतलब है कि बीते वर्ष से यहां गोंडवाना समाज द्वारा अक्ति तिहार में पुतरा-पुतरी का विवाह सामूहिक रूप से मनाता आ रहा है। इस वर्ष अक्ती तिहार में बोरजे निवासी संदीप यालम 26 वर्ष के साथ मट्ठेड निवासी लक्ष्मी दुब्बा 21 वर्ष का विवाह पुतरा- पुतरी विवाह के दौरान संपन्न कराया गया। बुधवार 8 मई से महालिया, चूलमाटी से इसकी शुरुवात हुई। गुरुवार 9 मई को मंडवा और शुक्रवार 10 मई को लग्न और टीकावन के साथ संपन्न हो गया। प्रतीकात्मक तौर पर दूल्हा देव के पिता शंकरलाल कतलाम और दुल्ही देवी के पिता पीआर कुंजाम रहे। बारात 9 मई को गोंडवाना भवन से डारापारा कुंजाम निवास गई थी। गोंड समाज प्रमुख सीएस नेताम ने बताया कि इसे वृहत्त रूप से मनाने के पीछे अपनी संस्कृति और परंपरा से बच्चों को जोड़ कर रखना है ताकि परसंस्कृति संक्रमण से समाज को बचाया जा सके। इस दौरान समाज के शंकर लाल कतलाम, एमएस परते, जनकलाल नेताम, कामेश्वर दुब्बा, सीएस नेताम, सुभाष कुडियम, पीआर कुंजाम, फोचेराम भगत, कमलेश पैंकरा, सीताराम मांझी, इंद्रा कुंजाम, अंबिका वट्टी, उमा कुंजाम, मनीषा नेताम, कुंजलता कुरेटी, आरती नेताम, देवेंद्र वट्टी, विनय उईका, संजय जुर्री सहित अन्य समाज प्रमुख मौजूद रहे।

# गोरियाबहार नाला के पुराने पुल की जांच 13 से

**एनआईटी रायपुर के इंजीनियर पहुंच रहे शहर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर से ओड़िशा रोड में आड़ावाल से पहले गोरियाबहार नाला में लगभग 37 वर्ष पूर्व पुल बना, जो यातायात बढ़ने से लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से बाजू में ही नया पुल का निर्माण किया गया। हालांकि वर्तमान में नया एवं पुराना पुल में यातायात शुरू कर दिया गया है, पर पुराना पुल की जांच के लिए एनआईटी रायपुर के इंजीनियर पहुंच रहे हैं। इंजीनियरों की टीम 13 मई से गोरियाबहार नाला के पुराना पुल की मजबूती आदि की जांच करेंगे, जिससे पुराने पुल में 13 से 16 मई तक यातायात बंद रहेगा। यातायात नए पुल से शुरू रहेगा।

**4 दिन बंद रहेगा यातायात**

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता आरके गुरू ने बताया कि इंजीनियरों की टीम जांच के चलते 4 दिन तक गोरियाबहार नाला का पुराना पुल में यातायात बंद रहेगा।


CHHATTISGARH TNAI STATE BRANCH
WISHES *INTERNATIONAL NURSES DAY 2024 TO ALL NURSES*

OUR NURSES. OUR FUTURE.
International Council of Nurses
The economic power of care

Happy Nurses Day! To all the incredible nurses out there, thank you for your unwavering dedication, compassion, and expertise. Your commitment to healing, comforting, and caring for others is truly remarkable. Wishing you a day filled with appreciation and recognition for the amazing work you do every day. You are heroes in scrubs!



Executive Members



Prof.Mrs. Beena R Thomas, President
Dr. Jibi George, Vice President
Dr. Daisy Abraham, Secretary
Dr. Beny Susan Chacko, Joint. Secretary



Mr. Rahul George, Treasurer
Mr. Jishnu Vasavan, SNA Advisor
Mr. Mathew Frenandaz, Chairperson Membership Committee
Mrs. Rema Rajesh, Chairperson Programme Committee
Mrs. Neetu Tripathi, Chairperseon Nursing Education Section
Mrs. Liza Dolly Hiradhar, Chairperson Nursing Service Committee
Mrs. Apurva, Chairperson Economic Welfare Committee

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133



# नि:संतान दंपत्तियों
के लिए एक विश्वसनीय सेंटर
नि:शुल्क परामर्श
09 से 20 अप्रैल 2024 तक

उपलब्ध सुविधाएं
- IUI - IVF - ICSI
- लेप्रोस्कोपी - हिस्ट्रोस्कोपी - ब्लॉस्टोसिस्ट
- फर्टिलिटी जांच - डोनर सर्विसेज
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी



## डॉ. श्रीमती एस. बंसल
MBBS, MD (O/G), Director IVF Center
वरिष्ठ प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ,
लैप्रोस्कोपिक सर्जन

विगत 10 वर्षो से 1500 से अधिक दम्पत्तियों ने पाया संतान सुख

नि:शुल्क परामर्श हेतु आज ही कॉल करें

पंजीकरण हेतु संपर्क करें-मो. 9425258201

परामर्श हेतु कौन दम्पत्ति संपर्क कर सकते है?
- बंद ट्यूब (Falloplan Tubes)
- पुरूषों के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम अथवा निल होना
- शुक्राणु की गतिशीलता, गुणवत्ता में कमी एवं आकार में खराबी
- अण्डों का न बनना अथवा समय पर न फूटना (PCOD)
- चॉकलेट सिस्ट (Emdometriosis) ओवरी सिस्ट (Ovarian Cyst)
- बच्चेदानी में गांठ (Fibroid), बच्चेदानी में दीवार (Septum)
- माहवारी बंद होना माहवारी का अनियमित होना
- महिला नसबंदी, पुरूष नसबंदी
- बार-बार गर्भपात होना (Miscarriage Clinic)
- पहले IVF का असफल होना दो-तीन IUI असफल होना
- सभी जाँच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का न होना

सुलभतम पैकेज में अधिकतम सफलता
पैकेज 85000/- से शुरू

नि:संतानता को संकोच नहीं, सही जांच की है जरूरत
उम्मीद की नई किरण

Happy Mother's Day

बंसल नर्सिंग होम
डॉ. ममता बंसल
डॉ. अल्पना बंसल
डॉ. प्रियंका बंसल

BANSAL NURSING HOME
ISO CERTIFIED

हम करते है आपका परिवार पूर्ण

बस्तर संभाग का प्रथम सर्व सुविधा युक्त आईवीएफ, फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
बालाजी वार्ड, जगदलपुर (बस्तर), फोन- 07782-224020 (क्लीनिक)



बंसल नर्सिंग होम फर्टिलिटी सोनोग्राफी एवं

# एडवांस आई केयर सेन्टर
अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त नेत्र चिकित्सालय
लेजर एवं फेको
नेत्र चिकित्सालय
Happy Mother's Day
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छग.
फोन- 223589, 9425590111



सुविधाएं

**फेको सर्जरी**
मोतियाबिन्द की सर्वश्रेष्ठ विधि फेको है, फेको विधि में 2.8 मि.मि. के छोटे से चीरे द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपण कर तुरंत छुट्टी दी जाती है (इनमें भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती)

**ग्रीन लेजर**
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सिकलसेल के मरीजों को रेटीना में खून के धब्बों का विशेष इलाज (मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है)

**फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी**
डायबिटिक रेटिनोपेथी, मेक्यूलोपेथी व उम्र के कारण परदे की बिमारी की फोटोग्राफी की सुविधा

**यॉग लेजर**
कांच बिन्द एवं मोतियाबिन्द झिल्ली का विशेष इलाज

**नेत्र परीक्षण**
जापानी कम्प्यूटर द्वारा नेत्र परीक्षण व नम्बर जांच की सुविधा

**कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण**
मल्टीफोकल फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण

**साइनेप्टोफोर**
तिरछापन व नेत्र पेशियों की कमजोरी का इलाज व एक्सरसाइज

**सोनोग्राफी**
बी. स्केन. कलर डापलर

**कॉन्टेक्ट लैंस**
सॉफ्ट एव रंगीन लैंस

## डॉ. मनीष बंसल
M.S (Ophthalmology)
नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको एवं लेजर सर्जन
रजि. नं.- CGMC 9715/2020
पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह महारानी हॉस्पिटल

- अत्याधुनिक जापनी कम्प्यूटर NIDEK (आटोरिफ्रेक्टर) द्वारा आंखों की जांच एवं चश्मे की जांच
- मोतियाबिंद का फेको पद्धति एवं फेको मशीन से बिना टाँका ऑपरेशन द्वारा लैंस प्रत्यारोपण (IOL)
- रैटिना (पर्दा) की पूरी जांच एवं इलाज (90-D Slit Lamp Biomicros-copy. Indirect Ophtholmoscopy)
- Synaptophore द्वारा आँखों के भैगेपन (Squint) की जाँच एवं आँखो के विशेष व्यायाम
- Non Contact Tonometer द्वारा आँखों के दबाव की अत्याधुनिक जाँच (INTRAOCULAR PRESSURE)
- कालापानी (ग्लूकोमा) कीक जाँच, इलाज एवं ऑपरेशन
- कम्प्यूटराईज्ड ऑटोमेटिक पैरीमीटरी द्वारा आँखों की नस एवं दायरे (विजुअल फीड) की विस्तृत जाँच
- B-Scan (कलर डाप्लर) A-Scan, केरोमीटर (Kerotometer) एवं कांटेक्ट लैस सुविधा

बंसल नर्सिंग होम थ्री-डी कलर सोनोग्राफी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर,
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, फोन- 07782-224020/ 231882



# SUCCESS CONVENT HIGHER SECONDARY SCHOOL
CGBSE Affiliation: 532015

NURSERY TO XII
"ADMISSION Opens For 2024"

## About School
Over the last 20 Years, Success Convent has become a preferred school in Bastar Region for its dedication excellent result and students friendly atmosphere.



Stream Offered: Mathematics, Biology, Commerce, Agriculture

100% RESULTS Board Examination

THINGS THAT SET US APART:
- Digital Smart Class Rooms
- Air Conditioned Class Rooms
- Hostel & Mess Facilities
- Trained & Experienced Faculty
- App Based Information System

REGISTER NOW

Classes Start from 1st April
Exclusive Foundation programme for NEET, JEE, PAT and ICAR from Class IX

9993682697, 9752621415
Dindayal Upadhya Ward - 19, Near Azad Chowk, Jagdalpur